प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

15.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अनुराग दौरा

केंद्रीय सूचना, प्रसारण व युवा खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अपने प्रदेश दौरे के दूसरे दिन आज हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अनुराग ठाकुर हमीरपुर के समोह, ऊना के दोगी और बिलासपुर के बेरथीन में नशा मुक्त–सुरक्षा युक्त बाइक रैली के आयोजन में शामिल होंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ऊना में रेल ट्रैक के इंदौर तक के विस्तारित ट्रैक पर चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना करेंगे।

इस बीच भाजपा से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए टिकट घोषित होने के बाद अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में उनके पिछले चार कार्यकालों में अनेकों विकास कार्य हुए हैं और इस बार भी कांग्रेस की झूठी गारंटियों के बहकावे में देश व प्रदेश की जनता नहीं आने वाली है।

पैट्रोल–डीजल

केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी करने का फैसला किया है। नई दरें आज से देश भर में लागू हो गई है। पैट्रोल–डीजल की दरों में दो साल की स्थिरता के बाद यह राहत दी गई है। केंद्रीय पैट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया के जरिए दामों में हुई कटौती की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 2022 से अब तक केंद्र सरकार ने पैट्रोल के दाम में 15 रूपए जबकि डीजल के दाम में 17 रूपए प्रति लीटर की कमी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला जिला के सराहन में करोड़ों रूपए की लागत से बने भवनों व विकासात्मक योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। शिमला जिला में मुख्यमंत्री आज कुमारसेन और ठियोग में भी विभिन्न विकास कार्यो के उदघाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री सराहन, कुमारसेन और ठियोग में जनसभाओ को भी संबोधित करेंगे।

विक्रमादित्य

शिमला शहर के लिए चौबीसों घंटे पानी की आपूर्ति करने वाली वर्ल्ड बैंक से वित्त पोषित 12 सौ करोड़ रूपए की योजना के तहत 850 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त मंजूर कर दी गई है। ये जानकारी देते हुए शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शिमला शहर में स्मार्ट सिटी मिशन, चौबीस घंटे पेयजल आपूर्ति योजना और बिजली और टेलीफोन की तारों के जाल को समेटने के लिए बनाई गई योजना के कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शिमला शहर न सिर्फ प्रदेश की राजधानी है बल्कि एक पर्यटन स्थल भी है जिसके लिए यहां सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही सौंदर्यीकरण भी जरूरी है। इन योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद कल विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शिमला शहर में इस समय 650 करोड़ से अधिक के विभिन्न प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के तहत निर्माणधीन है। वहीं 150 करोड़ रूपए की लागत से शहर में फैले बिजली और टेलीफोन की तारों को समेटने का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति द्वारा एक देश–एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **अमर उजाला** का शीर्षक है **लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ हों जबकि दूसरे चरण में पंचायतीराज व नगरीय निकाय चुनाव। दैनिक जागरण** के शब्द हैं **दो चरणों में एक साथ चुनाव की सिफारिश–एक देश–एक चुनाव पर राष्ट्रपति को सौंपी 18 हजार से अधिक पृष्ठों की रिपोर्ट।**

बागी विधायकों के घर पर सी आर पी एफ, निर्दलीयों को भी सुरक्षा दैनिक भास्कर की एक खबर है। पंजाब केसरी ने लिखा है 6 बागी, 3 आजाद व 2 भाजपा विधायक के घर पर सी आर पी एफ का पहरा। अमर उजाला की सुर्खी है छह बागी और निर्दलीय विधायकों के परिवारों को भी सी आर पी एफ की सुरक्षा।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है षडयंत्रों से घबराने वाला नहीं। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं धन–बल से कुर्सी की चाह रखने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। पंजाब केसरी ने लिखा है वोट में असफल अब नोट से षड्यंत्र रच रहे।

अदालतों में मामलों के लंबित पड़े रहने की वजह सरकारी अफसरों की लापरवाही व अयोग्यता दैनिक भास्कर की एक खबर है। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं निक्कमे अधिकारी बढ़ा रहे अदालतों का बोझ।

विधानसभा अध्यक्ष ने वापस ली भाजपा विधायकों के विरूद्ध शिकायत दैनिक जागरण की एक खबर है।

पंजाब केसरी के अनुसार भाजपा की 2 टिकटों पर माथापच्ची जारी, कांग्रेस प्रत्याशियों पर जल्द होगी चर्चा।

भाजपा के नौ विधायक सस्पेंड करने की तैयारी शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है कांग्रेस विधायक की शिकायत पर विधानसभा सचिव ने दिया प्रिविलेज एंड कंटेप्ट नोटिस।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है पहाड़ों में फिर बर्फ की बहार, 4 जिलों में हिमपात, आज से मौसम रहेगा साफ।